

# ईशान आंधी से झारखंड बना चैंपियन

## हरियाणा को 69 रन से हराकर पहली बार जीता सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब



**रायपुर, 18 दिसम्बर.** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के फाइनल में झारखंड ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार खिताब अपने नाम कर लिया। खिताबी मुकाबले में कप्तान ईशान किशन की तूफानी शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने हरियाणा को 69 रन के बड़े अंतर से हराकर घरेलू क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए

> ▸ ईशान किशन ने खेली 49 गेंद पर 101 रन की पारी

झारखंड ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 262 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में यह स्कोर टूर्नामेंट के सबसे यादगार प्रदर्शनों में शामिल हो गया। कप्तान ईशान किशन ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर अपनाते हुए हरियाणा के गेंदबाजों को पूरी तरह दबाव में ला दिया। ईशान किशन ने महज 49 गेंदों में 101 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी में टाइमिंग और ताकत का शानदार मेल देखने को मिला। पावरप्ले से लेकर डेथ ओवरों तक उन्होंने रन गति को बनाए रखा और हरियाणा की सभी गेंदबाजी योजनाओं को नाकाम कर दिया। दूसरे छोर पर कुमार कुशाग्र ने भी बेहतरीन साथ निभाया। उन्होंने 38 गेंदों में 81 रन की आक्रामक पारी खेलते हुए झारखंड के स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया। ईशान किशन और कुमार कुशाग्र के बीच हुई साझेदारी ने हरियाणा के गेंदबाजों की कमर तोड़ दी और टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंच गया। हरियाणा के गेंदबाज विकेट लेने के बावजूद रन गति पर अंकुश नहीं लगा सके। लगातार रणनीति बदलने के बावजूद उन्हें कोई बड़ी सफलता नहीं मिली। अंतिम ओवरों में झारखंड के बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरते हुए स्कोर को 262 तक पहुंचाया। 262 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। झारखंड के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए शुरुआती ओवरों में ही हरियाणा के शीर्ष क्रम को पवेलियन भेज दिया। शुरुआती विकेट गिरते ही हरियाणा की पारी लड़खड़ा गई। मध्य ओवरों में झारखंड के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी जारी रखी। बढ़ते रन रेट के दबाव में हरियाणा के बल्लेबाज बड़े शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवाते चले गए। हालांकि कुछ बल्लेबाजों ने संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन टीम कभी भी मुकाबले में वापसी नहीं कर सकी। अंततः हरियाणा की टीम निर्धारित ओवरों में झारखंड के स्कोर से 69 रन पीछे रह गई और झारखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीतकर घरेलू क्रिकेट में अपनी मजबूत पहचान दर्ज करा दी।

> मैच के बाद झारखंड कैंप में जश्न का माहौल देखने को मिला। कप्तान ईशान किशन ने जीत को पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि यह खिताब झारखंड क्रिकेट के लिए मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले खिलाड़ियों को प्रेरणा देगा।



## शुभमन गिल टी20 सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर** भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया। गिल को पैर की अंगुली में चोट लगी है, जिसकी वजह से उन्होंने पांच मैचों की टी20 सीरीज के शेष दो मुकाबलों से खुद को बाहर कर लिया। यह चोट प्रशिक्षण सत्र के दौरान लगी मानी जा रही है। गिल को इससे पहले कोलकाता टेस्ट में गर्दन की चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने टी20 सीरीज में वापसी की थी और फिटनेस पर उनकी उपलब्धता टीम चयन के लिए तय थी। पहले टी20 मैच से ठीक पहले गिल को फिट करार दिया गया था, लेकिन अब उनकी चोट की खबर ने फैंस में चिंता पैदा कर दी है। सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रिया गिल के बाहर होने पर कई फैंस ने मजाक और अटकलें भी की हैं। कुछ का कहना है कि गिल को टीम से ड्रॉप किया गया है, जबकि कुछ ने उनके स्वास्थ्य और चोट के कारण बाहर होने की संभावना जताई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से अभी इस पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है।

# कंगारुओं ने मजबूत पकड़ बनाई

## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आगे इंग्लैंड की बल्लेबाजी लड़खड़ाई



> **एशेज टेस्ट**
> - मेहमान टीम 213 रन पर आठ विकेट गंवाकर संघर्ष में फंसी
> - बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने अंत में संघर्ष दिखाया

**एडिलेड 18 दिसंबर, एडिलेड में खेले जा रहे तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने गेंद और बल्ले दोनों से दबदबा कायम रखते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली। पहली पारी में 371 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड को 213 रन पर आठ विकेट तक समेट दिया।**

दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी से 158 रन पीछे था और उसकी स्थिति बेहद कमजोर नजर आ रही थी। दूसरे दिन की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 326 रन से की। मिचेल स्टार्क ने निचले क्रम में एक बार फिर उपयोगी योगदान देते हुए अर्धशतक जमाया और स्कॉट बोलैंड के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। स्टार्क 54 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बोलैंड 14 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत 371 रन पर हुआ, जिससे मेजबान टीम को मजबूत आधार मिला। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स को दो-दो सफलता मिली, जबकि जॉश टंग ने एक विकेट हासिल किया। हालांकि गेंदबाजों के इस प्रयास के बावजूद इंग्लैंड के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सके। 371 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। 71 रन तक पहुंचते-पहुंचते टीम ने अपने चार अहम विकेट गंवा दिए। जैक क्रॉली, ऑली पोप और बेन डकेट सस्ते में आउट हुए, जबकि अनुभवी जो रूट भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। एक बार फिर इंग्लैंड की शीर्ष क्रम की कमजोरी उजागर हुई। इसके बाद हैरी ब्रूक और कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने आक्रामक अंदाज में रन बटोरते हुए टीम को संकट से निकालने का प्रयास किया। हैरी ब्रूक ने 63 गेंदों में 45 रन की उपयोगी पारी खेली, लेकिन अर्धशतक से पहले ही कैमरून ग्रीन की गेंद पर आउट हो गए। उनके आउट होते ही इंग्लैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। मध्यक्रम पूरी तरह बिखर गया। जेमी स्मिथ, विल जैक्स और ब्राइडन कार्स बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए।

> मैच के दौरान टेक्नोलॉजी को लेकर भी विवाद देखने को मिला। स्निकोमीटर के फैसलों पर दोनों टीमों ने नाराजगी जताई। इंग्लैंड तीसरे अंपायर क्रिस गैफेनी के कुछ फैसलों से असहमत नजर आया, खासकर जेमी स्मिथ के आउट होने और जो रूट को मिले जीवनदान को लेकर। हालांकि इन विवादों का मैच की दिशा पर ज्यादा असर नहीं पड़ा।

### एक नजर में

## भारत डोपिंग में लगातार तीसरे साल शीर्ष पर

**नई दिल्ली.** वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत 2024 में लगातार तीसरी बार डोपिंग मामलों में दुनिया में सबसे ऊपर रहा। साल 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के 260 सैंपल पॉजिटिव पाए गए, जो किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक है। रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलिंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने 2024 में कुल 7,113 डोपिंग टेस्ट किए। इनमें 6,576 यूरिन और 537 ब्लड सैंपल शामिल थे। कुल 260 मामलों में डोपिंग पाई गई, यानी 3 .6% पॉजिटिविटी रेट। जिन देशों में 5,000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी है। 2023 में कुल 5,606 सैंपल में 213 पॉजिटिव पाए गए थे। वहीं 2025 में अब तक 7,068 टेस्ट हुए हैं, लेकिन पॉजिटिविटी रेट घटकर 1 .5% रह गई है। डोपिंग रोकने के प्रयास रिपोर्ट में भारत में डोपिंग की कुछ जड़ें भी उजागर की गई हैं। इसमें वैज्ञानिक रिसर्च की कमी, कोच, डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट का दवाओं व सप्लीमेंट्स का सही ज्ञान न होना शामिल है। इसी के मद्देनजर कई कदम उठाए गए हैं। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने नया एंटी-डोपिंग पैनल बनाया, सरकार ने नेशनल एंटी-डोपिंग बिल पास किया । हालांकि यह रिपोर्ट भारत के लिए सावधानी की चेतावनी है, खासकर तब जब देश भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी कर रहा है।



## विश्वनाथन आनंद बने ब्रांड एंबेसडर

**बेंगलुरु.** भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस अवसर पर द हॉस्टल कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पलाश गोयल ने कहा, 'विशी सर शायद हमारे मुख्य कस्टमर न हों, लेकिन वह आधुनिक भारतीय मिलेनियल का प्रतिनिधित्व करते हैं – फोकस्ड, टैलेंटेड, और फिर भी बाहर निकलने, मजे करने और घूमने से नहीं डरते। इस साझेदारी के जरिए, हमारा मकसद भारत के बैकपैकर हॉस्टल्स में विश्वास और जागरूकता लाना है, एक ऐसा क्षेत्र जिस पर पारंपरिक रूप से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा है।'



## अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

**मैड्रिड.** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नये साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नये कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया, 'हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।'



### टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे के शतक

# कीवी टीम की मजबूत शुरुआत

**माउंट मॉन्गानुई (न्यूजीलैंड) 18 दिसंबर** कप्तान टॉम लेथम (137) और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 334 का स्कोर खड़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से शुरुआत की और पहले आठ ओवर में सिर्फ 11 रन बनाए। हवा और पिच दोनों से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। लंच ब्रेक के बाद दोनों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। लगभग 20 मिनट तक बारिश की वजह से खेल रुका रहा, लेकिन इससे न्यूजीलैंड की लय नहीं टूटी। कॉनवे ने

> ▸ विंडीज को 1 विकेट से संतोष करना पड़ा
> ▸ लैथम ने सीरीज का दूसरा शतक बनाया

कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर अपना छठा टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज पहले दो सत्र में एक भी मौका नहीं बना पाई और लंच के बाद वाले सेशन में एक भी मेडन ओवर नहीं हुआ। इसी दौरान लैथम ने सीरीज का अपना दूसरा शतक बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह बिना विकेट वाला दिन रहेगा। रोच ने दूसरी नई गेंद से 87वें ओवर में लैथम को आउट करके सफलता दिलाई, जिसमें रॉस्टन चेज ने फर्स्ट स्लिप पर शानदार कैच पकड़ा। टॉम लेथम ने 246 गेंदों में एक छक्का और 15 चौके लगाते हुए 137 रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेकब डफी ने डेवन कॉन्वे के साथ मोर्चा संभाला और दिन का दूसरा विकेट नहीं गिरने दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय न्यूजीलैंड ने एक विकेट पर 334 रन बना लिये थे और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) और जेकब डफी (नौ) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

## सम्राट राणा शीर्ष निशानेबाजों में शामिल

**नयी दिल्ली 18 दिसंबर** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) ने काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भाारतीय निशानेबाज सम्राट राणा को 2025 सीजन के शीर्ष पांच निशानेबाजों में शामिल किया है। 20 साल के भारतीय शूटर ने पुरुषों के 10 मी एयर पिस्टल फाइनल में इस साल के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक किया, जिसमें उन्होंने चीन के वर्ल्ड नंबर वन हू काई को हराकर खिताब जीता। आईएसएसएफ ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'इस सीजन में हू काई को हराने वाले एकमात्र व्यक्ति, सम्राट राणा ने दबाव में भी शांत रहकर एक ऐसा उलटफेर किया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी।'

# बीसीसीआई करेगा टिकट रिफंड

**लखनऊ, 18 दिसंबर कोहरे के कारण लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला रद्द होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दर्शकों को बड़ी राहत दी है।**

> ▸ लखनऊ टी-20 रद्द होने पर लिया फैसला

बीसीसीआई ने साफ किया है कि मैच के लिए खरीदे गए सभी वैध टिकटों की पूरी राशि दर्शकों को वापस की जाएगी। बोर्ड के इस फैसले से स्टेडियम पहुंचे हजारों फैंस को आर्थिक राहत जरूर मिली है, हालांकि मैच न हो पाने की निराशा बनी रही लखनऊ में मंगलवार शाम से ही घना कोहरा छाया हुआ था, जिसके कारण टॉस तक नहीं हो सका। अंपायर्स ने करीब साढ़े तीन घंटे के भीतर छह बार मैदान और पिच की स्थिति का निरीक्षण किया, लेकिन विजिबिलिटी में कोई सुधार नहीं हुआ। आखिरकार रात करीब 9:30 बजे मुकाबले को रद्द करने का फैसला लिया गया। मैच रद्द होते ही दर्शकों के बीच टिकट रिफंड को लेकर सवाल उठने लगे थे, जिस पर बीसीसीआई का कहना है जिन दर्शकों ने ऑनलाइन माध्यम से टिकट खरीदे थे, उन्हें किसी तरह का दावा या आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। टिकट बुकिंग में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते या डिजिटल भुगतान माध्यम में निर्धारित समय के भीतर रिफंड अपने आप ट्रांसफर कर दिया जाएगा। वहीं, जिन दर्शकों ने स्टेडियम काउंटर या अधिकृत ऑफलाइन केंद्रों से टिकट लिए थे।

# हेनरी को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लंदन, 18 दिसंबर आर्सेनल और फ्रांस के पूर्व स्ट्राइकर थियरी हेनरी को 2025 के बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर कार्यक्रम में आज लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा।**

> ▸ बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर

2014 में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने वाले हेनरी ने इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने को लेकर कहा कि यह सम्मान मिलना बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा, 'फुटबॉल ने मुझे सब कुछ दिया है और मैंने भी इसे अपना सब कुछ दिया है। इस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ इसके इतिहास का हिस्सा बनने के लिए पहचाना जाना, और फैंस और मेरे टीम के साथियों के लिए अपनी पहचान बनाना, यह कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी हल्के में नहीं लूंगा।'



> आर्सेनल के साथ दो बार खेलते हुए, हेनरी ने 377 मैचों में 228 गोल किए, और 2005 में इयान राइट को पीछे छोड़कर क्लब के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन गए। गनर्स के साथ उनके सम्मानों में दो प्रीमियर लीग खिताब और तीन एफए कप शामिल हैं, जिसमें सबसे खास 2003-04 का सीजन था जब आर्सेनल अजेय रहा और 'इनविंसिबल' का दर्जा हासिल किया। हेनरी ने चार बार प्रीमियर लीग गोल्डन बूट जीता, जो एक संयुक्त रिकॉर्ड है, और लगातार छह सीजन तक पीएफए टीम ऑफ द ईयर में नामित हुए।


**फुटबॉल** ▸ फ्लेमेंगो को शूटआउट में हराकर साल की छठी ट्रॉफी अपने नाम की

# पीएसजी ने पेनल्टी में जीता इंटरकॉन्टिनेंटल कप

**डोहा (कतर), 18 दिसंबर यूरोपीय फुटबॉल की ताकत का एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार रात**

> अतिरिक्त समय के बाद 1-1 की बराबरी
>
> पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत

**अल रेयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में ब्राजील की दिग्गज क्लब फ्लेमेंगो को पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2025 का खिताब जीत लिया।**



नियमित समय और अतिरिक्त समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छाया रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में पीएसजी ने बेहतर संयम और रणनीति का परिचय देते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। यह जीत सिर्फ एक खिताब भर नहीं थी, बल्कि पीएसजी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि भी साबित हुई, क्योंकि यह वर्ष 2025 में क्लब की छठी बड़ी ट्रॉफी रही। इससे पहले फ्रांस की इस दिग्गज टीम ने लीग 1, कूप डी फ्रांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीतकर यूरोपीय फुटबॉल में अपना दबदबा कायम किया था।

इंटरकॉन्टिनेंटल कप की यह जीत पीएसजी के उस स्वर्णिम वर्ष पर मुहर लगाने जैसी रही, जिसमें टीम ने लगभग हर बड़े मंच पर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

> मैच के बाद पीएसजी के खेमे में जश्न का माहौल देखने को मिला। खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने इस जीत को पूरे सीजन की मेहनत का नतीजा बताया। कोच ने कहा कि यह खिताब टीम की निरंतरता, अनुशासन और बड़े मैचों में संयम का प्रतीक है। वहीं फ्लेमेंगो के कोच ने हार के बावजूद अपनी टीम के जुझारू प्रदर्शन की तारीफ की और कहा कि पेनल्टी शूटआउट में किस्मत भी अहम भूमिका निभाती है। फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप की यह जीत पीएसजी के लिए भविष्य की राह और मजबूत करती है।